स्थानीय शासन Important Questions Class 11 Political Science Book 2 Chapter 8 in Hindi

1 अंकीय प्रश्न:

प्रश्न 1 स्थानीय शासन के निकायों को संवैधानिक दर्जा प्रदान करने की सिफारिश किस समिति ने की तथा कब?

उत्तर : डुंगन समिति, 1989

प्रश्न 2 स्थानीय शासन की विचारधारा का विचाार किस देश से ग्रहण किया गया।

उत्तर : ब्राजील

प्रश्न 3 संविधान का 73वां तथा 74वां संशोधन संसद में कब पारित हुआ तथा इसे कब लागू किया गया?

उत्तर : 1992, 1993

प्रश्न 4 स्थानीय शासन संविधान की किस सूची का विषय है?

उत्तर : राज्य सूची

प्रश्न 5 त्रिस्तरीय ढांचे से क्या अभिप्राय है?

उत्तर : ग्राम पंचायते निचले स्तर पर, ब्लॉक समिति मध्य स्तर पर और जिला परिषद ऊपरी स्तर पर

प्रश्न 6 ग्राम सभा का सदस्य कौन व्यक्ति होता है?

उत्तर : वे सभी जो 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके व्यक्ति जो ग्राम पंचायत के चुनाव में वोट डालने के अधिकारी हैं।

प्रश्न 7 ग्राम पंचायतों व नगरपालिकाओं के चुनाव कितने वर्षों के लिए किए जाते है?

उत्तर : 5 वर्षों

प्रश्न 8 पंचायती राज की संस्थाओं में महिलाओं के लिए कितने प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई है?

उत्तर : 1 तिहाई

प्रश्न 9 संविधान के किस अनुच्छेद के द्वारा ग्यारहवीं अनुसूची के विषय प्रांतीय सरकार पंचायतों को दे सकती है?

उत्तर : अनुच्छेद 243

प्रश्न 10 पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव की जिम्मेदारी किस अधिकारी को दी गई है?

उत्तर : राज्य के चुनाव आयुक्त

प्रश्न 11 नगर निगम के चुनाव के लिए उम्मीदवार की आयु कितनी होनी चाहिए।

उत्तर : 21 वर्ष

2 अंकीय प्रश्न:

प्रश्न 1 भारत में स्थानीय शासन के अधिक मजबूत न होने के दो कारण लिखिए।

उत्तर : जातिवाद, गुटबाजी, सांप्रदायिकता

प्रश्न 2 "शहरी इलाका" शब्द से क्या अभिप्राय है?

उत्तर : (i) जनसंख्या कम से कम 5000, (ii) 75% से अधिक कामकाजी पुरूष खेती बाड़ी से अलग काम करते हो, (ii) जनसंख्या का घनत्व 400 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर हो।

प्रश्न 3 नगर निगम तथा नगरपालिकाएं किस प्रकार के शहरों में कार्यरत होती हैं?

उत्तर : नगर निगम बड़े शहरो में, नगरपालिकाएं छोटे शहरो में।

प्रश्न 4 ग्राम पंचायतों के क्या-क्या कार्य हैं? किन्हीं दो का उल्लेख करो।

उत्तर : सफाई, बिजली, पानी की व्यवस्था, सड़कों का निर्माण, जन्म तथा मृत्यु का पंजीकरण आदि।

प्रश्न 5 पंचायती संस्थाओं में महिलाओं को जो आरक्षण दिया गया है उससे महिलाओं की सामाजिक स्थिति में क्या बदलाव आया है? स्पष्ट करो।

उत्तर : आज अनेकों महिलाएं सरपंच तथा मेयर जैसे पदों पर आसीन है उनमें पहले से ज्यादा शक्ति तथा आत्मविश्वास आया है। महिलाओं की राजनीतिक समझ में वृद्धि हुई है।

प्रश्न 6 स्थानीय शासन से आम नागरिकों को क्या लाभ हुए है?

उत्तर : नागरिकों की समस्याओं के समाधान बहुत तेजी से तथा कम खर्च में हो जाते है। नागरिकों की राजनीतिक भागीदारी बढ़ती है।

प्रश्न 7 स्थानीय शासन अपना कार्य उतनी दक्षता से नहीं कर पाता, जिसके लिए उसकी स्थापना हुई थी? क्यों?

उत्तर : धन का अभाव रहता है। आय के अनुपात में खर्च अधिक है इसलिए राज्य सरकारों और केन्द्र सरकार के अनुदान पर निर्भर रहना पड़ता है।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 8 राज्य का वित्त आयोग कितने वर्ष के लिए बनाया जाता है तथा उसका मुख्य कार्य क्या है?

उत्तर : 5 वर्ष के लिये स्थानीय शासन की संस्थाओं की आर्थिक स्थिति का अनुमान लगाना।

प्रश्न 9 अभी हाल में नगर निगम के कुछ रिक्त स्थानों पर चुनाव हुए हैं आप के विचार से ये चुनाव कराए जाने का क्या कारण रहा होगा?

उत्तर : ये स्थान कई कारणों से रिक्त हुए होंगे।

– किसी निगम पार्षद की मृत्यु के कारण

– किसी निगम पार्षद का दल बदल लेने के कारण

– किसी निगम पार्षद का विधायक बन जाने के कारण

प्रश्न 10 पंचायती निकायों की व्यवस्था हमारे देश में प्राचीनकाल में भी थी। वर्तमान समय में इनकी कार्यप्रणाली में क्या सुधार हुए हैं?

उत्तर : प्राचीनकाल में भी स्थानीय संस्थाएं थी परन्तु वे जनता के प्रति जवाबदेह नहीं थी। आज ये संस्थाएं अधिक उत्तरदायी है और जनता के प्रति जवाबदेह भी ।

प्रश्न 11 नगर – निगम का मुखिया क्या कहलाता है? इसका कार्य काल लिखें।

उत्तर : मेयर या महापौर, 1 वर्ष